आयोजन | स्वच्छता एवं स्वदेशी सामान खरीदने की दिलाई शपथ, यात्रा का हुआ नगर भ्रमण

# भारत माता तिरंगा यात्रा में छाया देशभक्ति का उल्लास





**नवभारत, बालाघाट।** भारत माता की प्रतिमा के साथ निकली तिरंगा यात्रा में राष्ट्रभक्ति का उल्लास छाया रहा। नगर पालिका परिषद बालाघाट के तत्वावधान में 25 सितंबर को उत्कृष्ट विद्यालय सभागार से निकली इस यात्रा में गणमान्य नागरिकों के साथ ही भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं शालेय छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही। भारत माता के जयकारों और देशभक्ति गीतों से शहर राष्ट्रभक्ति के रंग में रंगा हुआ नजर आया। विशाल तिरंगा यात्रा में हाथों में तिरंगा थामे एवं स्वच्छता के साथ ही स्वदेशी वस्तुओं की खरीदी के लिये भी आमजनों को प्रेरित किया गया। नगरपालिका परिषद बालाघाट द्वारा एकात्म मानववाद के प्रणेता पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में देशभर में चल रहे सेवा पर्व तथा स्वच्छोत्सव को लेकर भी आयोजन हुआ।

25 सितंबर को 3.30 बजे के दौरान उत्कृष्ट विद्यालय से निकली भारत माता तिरंगा यात्रा में सर्वप्रथम जबलपुर विधायक अभिलाष पाण्डेय के द्वारा स्वच्छता प्रेरक शपथ दिलाई गई एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नरेन्द्र मोदी के स्वदेशी अभियान के तहत स्वदेशी सामान की खरीदी के लिये भी शपथ दिलाई गई। इसके उपरांत नगर भ्रमण के लिये यात्रा रवाना हुई। जहां उत्कृष्ट विद्यालय, महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर विद्यालय, सांदिपनी सीएम राईज स्कूल के छात्रा-छात्राओं ने भारत माता के जयकारों के साथ ही देशभक्ति नारों के साथ नगर भ्रमण किया।

आयोजित यात्रा में विहिप जिला संघचालक वैभव कश्यप, भाजपा जिलाध्यक्ष रामकिशोर कावरे, पूर्व भाजयुमो प्रदेशाध्यक्ष तथा जबलपुर विधायक अभिलाष पाण्डेय, कटंगी विधायक गौरवसिंह पारधी, रमेश रंगलानी, अभय सेठिया, महेन्द्र सुराना, संजय अग्निहोत्री, सत्यनारायण अग्रवाल, ऋषभदास वै द्य, राजकुमार रायजादा, सुनील खोटोले, अमरसिंह ठाकुर, मोहन अचार्य, सुरजीतसिंह ठाकुर, नपाध्यक्ष भारती ठाकुर, नपा उपाध्यक्ष योगेश बिसेन, सभापति समीर जायसवाल, वकील वाधवा, आदि की उपस्थिति रही।

### तिरंगा यात्रा में रहा जीवंत झांकियों का समावेश

शहर के काली पुतली चौक के समीप सुभाष उद्यान में 6 अक्टूबर को समारोहपूर्वक आयोजन में स्थापित की जाने वाली भारत माता की प्रतिमा का नगर दर्शन कराया गया। यात्रा में जीवंत झांकियों का समावेश रहा घोड़े पर महारानी लक्ष्मीबाई तो रथ वाहन पर भारता माता, भगवान श्रीराम, सुदर्शनधारी श्रीकृष्ण एवं स्वामी विवेकानंद की वेशभूषा में जीवंत झांकियों ने मंत्रमुग्ध किया। उत्कृष्ट विद्यालय से निकलकर शोभात्रा हनुमान चौक, नया सराफा बाजार, सुभाष चौक, महावीर चौक होते हुए राजघाट चौक पहुंची और फिर यहां से काली पुतली पहुंची जहां पर समापन से पहले नपाध्यक्ष भारती सुरजीतसिंह ठाकुर ने भारत माता की आरती का पाठ किया सभी उपस्थितों ने आरती में हिस्सा लिया इसके साथ ही पं. दीनदयाल उपाध्याय के छायाचित्र पर पुष्प अर्पण कर शोभायात्रा का समापन किया गया। यात्रा में उपस्थितों के लिये नगरपालिका द्वारा शीतपेय एवं पेयजल की व्यवस्था की गई थी। भारत माता प्रतिमा दर्शन एवं तिरंगा यात्रा को लेकर देशभक्ति का उल्लास छाया रहा और देशभक्ति गीतों की धुनों पर जमकर थिरकरकर राष्ट्रप्रेम के भाव को जागृत किया गया।

# किसान गर्जना संगठन के जिलाध्यक्ष और अन्य थाने मे नजरबंद



**नवभारत, खैरलाँजी।** जिले के कटंगी तहसील में मुख्यमंत्री के आगमन पर किसान गर्जना संगठन के द्वारा अपनी मांगों का ज्ञापन देने और विरोध स्वरूप काले झंडे दिखाने का आह्वान किया गया था। जिस पर खैरलांजी पुलिस के द्वारा किसान गर्जना जिला अध्यक्ष रामकुमार नगपुरे के कार्यालय में दबिश देकर जिला अध्यक्ष सहित उपस्थित सदस्यों को थाना खैरलांजी ले जाकर नजर बंद कर लिया गया। जहां पर पूरे कार्यक्रम के दौरान सभी को पुलिस सुरक्षा में बिठाल कर रखा गया। इसमें पुलिस के द्वारा सभी को सुबह 10 बजे नजर बंद? करने थाने में लाया गया जहां से शाम करीब 4 ऱ्30 बजे उन्हें छोड़ दिया गया। इस दौरान करीब 7ऱ्30 घंटे सभी को नजर बंद रखा गया इस दौरान सभी के द्वारा थाने से बाहर निकाल कर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की गई। मुख्यमंत्री के नाम किसान गर्जना संगठन ने खैरलाँजी पुलिस को सौंपा ज्ञापन किसान गर्जना संगठन के पदाधिकारी सदस्यों को पुलिस के द्वारा शाम को रिहा कर दिया गया। इसके बाद उनके द्वारा मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन थाने में उपस्थित पुलिस अधिकारी चंद्रशेखर चौधरी को दिया गया। इस ज्ञापन में उन्होंने बताया कि हम बालाघाट जिले के किसान हैं हमें सरकार ने कई आश्वासन दिए थे किंतु आज तक एक भी पूरे नहीं हो पाए हैं। जिसमें वर्ष 2023 विधानसभा चुनाव में वादा किया गया था कि सरकार बनते ही धान 3100, गेहूं 2700रुपये प्रति क्विंटल के समर्थन मूल्य पर खरीदी किया जायेगा। परंतु 2 वर्ष बीत जाने के बाद भी यह समर्थन मूल्य लागू नहीं किया गया है। रबी की जो फसल है उसे समर्थन मूल्य पर खरीदी करने की बात कही गई थी किंतु वह नहीं किया जा रहा है। खाद की बड़ी समस्या बनी हुई है सोसायटी में पर्याप्त आवंटन दिया नहीं जा रहा है, किसान काफी परेशान हो रहा है इधर उधर भटकना पड़ रहा है। खेतों में कीट व्याधि की समस्या होने पर दवा और खाद काफी महंगे हो गए हैं इसके दाम घटकर कम किया जायें। धान खरीदी में समिति 41 किलोग्राम की बोरी लेती है उपार्जन नीति के 11.3 के नियम 1.2 में स्पष्ट है कि 40.580 प्रति बार दाने में लेना है परंतु इसे स्पष्ट रूप से लागू नहीं किया गया है। हम चाहते हैं कि उक्त सभी मांगों पर त्वरित निराकरण किया जायें। इस अवसर पर रामकुमार नगपुरे जिलाध्यक्ष किसान गर्जना संगठन, अशोक लिल्हारे ब्लॉक अध्यक्ष, भारत शिवहरे, फूलचंद बनोटे अजबसिंह कृपगएं सर्वेश मसखरे मुकेश दमाहे, नर्बद माहुले, दिनेश दमाहे, अमृत दमाहे, मिथिलेश नगपुरे सहित अन्य किसान साथी मौजूद रहे।भाजपा सरकार किसान विरोधी सरकार है जिला अध्यक्ष रामकुमार नगपुरे व भारत शिहोरे ने संयुक्त रूप से बताया कि जिले में किसानों के द्वारा कटंगी में आये मुख्यमंत्री को काला झंडा झंडा दिखाना था। क्योंकि भाजपा सरकार ने किसानों को 2023 में की हुई घोषणा को पूरा नहीं किया है। जिसमें धान 3100, गेहूं 2700 रुपये प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य दिया जाना था परंतु यह आज तक हमें नहीं दिया गया है। अभी 4000 रूपये प्रति हेक्टेयर चॉकलेट के रूप में किसानों को दिया गया है। जबकि महाराष्ट्र में प्रति हेक्टेयर 25000 रूपये मिलते हैं। भाजपा किसान विरोधी है यह पुलिस को आगे करती है और यही उनकी नीति है, यह किसानों का हक अधिकार मारने का काम कर रहे हैं। हम चाह रहे हैं कि पूर्व में जो वादा किया गया है उस पर जिस प्रकार से जनता को गुमराह किया जा रहा है वह बंद होना चाहिए।

# उत्कृष्ट विद्यालय में मनाया गया एनएसएस दिवस



**नवभारत बैंहर ।** शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय बैहर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा कर्नल बघेल (सेनि) के मुख्य आतिथ्य में 24 सितंबर को एनएसएस दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्र छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम की दी प्रस्तुति दी।

विद्यालय प्राचार्य आलोक कुमार चौरे ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी विद्यालय की रासेयो इकाई द्वारा विद्यालय के बैडमिंटन हॉल में भव्य एवं रंगारंग आयोजन कर एनएसएस दिवस मनाया गया। जिसमे छात्र छात्राओं ने उत्साह पूर्वक विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित सेवानिवृत्त कर्नल सदन लाल बघेल, कार्यक्रम की अध्यक्षता एनएसएस के जिला संगठक प्रोफेसर डॉ निर्मल चक्रधर, बार एसोसिएशन न्यायालय बैहर के अध्यक्ष आर के चौहान, अधिवक्ता शिवेंद्र उइके, श्रीमती कौसुन बघेल, खेल विभाग के समन्वयक राजेश बमहुरे, पूर्व एनएसएस छात्र अक्षय एडे एवं कु वंदना लाखा के अलावा विद्यालय के शिक्षक परिवार भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी नवजीत सिंह परिहार के निर्देशन में किया गया।

# रैली एवं श्रमदान गतिविधि का हुआ आयोजन





**नवभारत, बालाघाट।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय जटाशंकर त्रिवेदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत 25 सितम्बर को राष्ट्रीय सेवा योजना की विविध गतिविधियों के अंतर्गत स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता संबंधी रैली एवं श्रमदान गतिविधि का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार मराठे के संरक्षण एवं मार्गदर्शन में हुआ।

राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक एवं स्वयं सेविकाओं के द्वारा स्वच्छता संबंधी रैली महाविद्यालय से होकर अंबेडकर चौक तक जाकर भारत के संविधान निर्माता डॉ. बाबा साहेब अंबेडकर के चौराहे के आसपास के क्षेत्र में साफ-सफाई की एवं स्वच्छता श्रमदान करते हुयें स्वच्छता का संदेश दिया कि अपने आसपास के क्षेत्र में स्वच्छता रखना अति आवश?यक है। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवको ने स्वच्छता रैली तथा श्रमदान में अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन पूरी लगन और निष्ठा से किया। गतिविधि का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी डॉ. रचना कोरी (बालिका इकाई) के द्वारा किया गया। स्वच्छता रैली तथा श्रमदान में प्रो. अनिल हनवत तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के समस्त स्वयं सेवक एवं स्वयं सेविका उपस्थित रहे।

# 1 से नेशनल पार्क के साथ सोनेवानी खोलने की मांग

### क्या 5 दिन बाद बाघ के दीदार कर सकेंगे पर्यटक



**नवभारत, लालबर्रा।** सरकार के द्वारा देश के सभी नेशनल पार्क खुलने जा रहे है, जिसमे देश प्रदेश के पर्यटक बाघ सहित अन्य वन व वन्य जीवो का दीदार करते है। इसी तरह कान्हा नेशनल पार्क व पेंच नेशनल पार्क के बीच का हिस्सा कारिडोर जिसे लोग सोनेवानी जंगल के नाम से जाने जाते है जो की अब रिजर्व फारेस्ट भी घोषित हो गया है यहां के पर्यटक व वन्यजीव प्रेमी भी इसे 1 अक्टूबर से खोलने की आस लगाए बैठे है किन्तु प्राप्त जानकारी अनुसार इस हेतु लालबर्रा वन परिछेत्र अधिकारी व विभाग द्वारा किसी भी प्रकार की सकारात्मक पहल अब तक नहीं किये जाने की जानकारी प्राप्त हुई है।

# धूमधाम से मनाया जाएगा दशहरा पर्व, विधायक ने अधिकारियों के साथ किया निरीक्षण

### महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ की शिव तांडव की चलित झांकी रहेगी आकर्षण का केंद्र



**नवभारत, वारासिवनी।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी 2 अक्टूबर को मनाए जाने वाले ऐतिहासिक दशहरा पर्व की तैयारियों का जायजा लेने दशहरा आयोजन समिति के अध्यक्ष व क्षेत्रीय विधायक विवेक विक्की पटेल ने अधिकारियो के साथ दशहरा मैदान पहुँचकर निरिक्षण किया दशहरा पर्व को देखने आने वाले आम नागरिकों को किसी भी प्रकार की परेशानी ना हो,जनता बैठकर रावण दहन देखे,मैदान की साफ-सफाई की व्यवस्था सहित प्रकाश व्यवस्था के लिए आवश्यक निर्देश दिए उन्होंने कहा की पर्व के दिन लोगो को किसी भी प्रकार की असुविधा ना हो ये पहली प्राथमिकता रहेगी वही विधायक विवेक पटेल के कहा की पिछले वर्ष रावण,मेघनाथ और कुम्भकर्ण का पुतला दहन किया गया था इस वर्ष समिति के निर्णयों पर सिर्फ रावण के पुतले का ही दहन किया जाएगा।

वारासिवनी नगर में दशहरा पर्व पर निकलने वाले चल समारोह में भगवान हनुमान जी के स्वरूप को धारण करने की परम्परा हैँ जिसका साधको को इंतजार रहता है इस वर्ष साधक शिवम बुधरानी को सौभाग्य मिला है जो अब पुरे नौ दिन दशहरे,रावण दहन और भगवान श्री राम के राज्यभिषेक तक मंदिर में रहेंगे। दशहरा आयोजन समिति के अध्यक्ष व क्षेत्रीय विधायक विवेक विक्की पटेल ने बताया की दशहरा पर्व पर रावण दहन देखने आने वालो के लिए दशहरा मैदान पर आर्केस्ट्रा का कार्यक्रम भी रखा गया हैँ वही नगर के श्री राम मंदिर से चल समारोह निकाला जाएगा जो गाँधी चौक,गोलीबारी चौक,अम्बेडकर चौक,नहेरु चौक,जय स्तम्भ चौक, बस स्टेण्ड होते हुए दशहरा मैदान पहुंचेगी जहाँ अहंकारी रावण के पुतले का दहन किया जाएगा चल समारोह में महाराष्ट्र,छत्तीसगढ़ की शिव तांडव और राधा कृष्ण की चलित झाकी देखने को मिलेगी पिछले वर्ष की अपेक्षा और ऐतिहासिक तौर पर दशहरा पर्व को मनाया जाएगा।

# गटापायली में स्टार म्युजिकल ग्रुप ने दी देवी गीतों की शानदार प्रस्तुति



**नवभारत, बालाघाट।** वारासिवनी क्षेत्र के ग्राम गटापायली सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति रानी दुर्गावती चौक में मंगलवार की रात स्टार म्यूजिकल ग्रुप बालाघाट का देवी जागरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें म्यूजिकल ग्रुप के गायक कलाकारों द्वारा सांची जोतों वाली माता तेरी जय जयकार, शिरडी वाले सांई बाबा, सर को झुका के बैठो माता की अदालत है, सुन माता अंजना, रन-बन, रन=बन रे, मढिया अंदर बिराजी मैया, नाचे जो बब्बर शेर रे सहित अन्य देवी गीतों की सुमधुर प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में महाकाली व सिंह पर सवार दुर्गा भवानी, सांई बाबा, वीर बजरंगी की शानदार झांकी भी निकाली गई जो आर्कषक का केन्द्र रही। झांकी में सहयोग प्रफुल बिसेन एवं बाल कलाकारों का रहा।

इस दौरान देवी गीतों पर उपस्थित दर्शकों ने नृत्य करते हुये तालियां बजाकर भरपूर आनंद लिया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत सरपंच प्रेमसिंह हरिनखेड़े व दुर्गा समिति अध्यक्ष प्रमोद हरिनखेड़े के मुख्य आतिथ्य में मातारानी की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना व गणेश वंदना के साथ किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में दर्शकों ने शामिल होकर देवी गीतों का आनंद उठाया।

कार्यक्रम में प्रमुख गायक बलराम पटले, संतोष कुथेकर, लोकेश मेश्राम, संजय पटले, कुमारी नंदनी सेन, परमानंद टेंभरे, प्रमोद घोड़ेश्वर, एमन्त ठाकरे, दीपक झारिया व कुमारी डिनसी लिल्हारे द्वारा एक से बढक़र एक देवी गीतों की प्रस्तुति दी गई। वहीं म्युजिक में सुरेश राहंगडाले, लिखन सहारे, करण शरणागत व दिलीप बांगड़े शामिल रहे। देवी गीतों पर म्यूजिकल ग्रुप के कलाकार हेमंत झारिया व सलील पांडे द्वारा शानदार नृत्य की प्रस्तुति दी गई।

# नवरात्रि में हुआ क्षेत्रीय परंपरागत नृत्य

### किड्ज़ी सिविल लाइन्स में धूमधाम से मनाया गया नवरात्रि उत्सव



**मंडला नभाप्र.** किड्जी सिविल लाइन्स मंडला में नवरात्रि का पावन पर्व बड़े उत्साह और भक्ति भाव के साथ मनाया। विद्यालय परिसर में छोटे-छोटे बच्चों ने रंग-बिरंगे परिधानों में सुसज्जित होकर माँ दुर्गा की महिमा का गुणगान किया। इस आयोजन में सीनियर केजी के नन्हें, मुन्ने बालक, बालिकाओं ने अपनी अद्भुत प्रस्तुतियों से सभी का मनमोह लिया। बच्चों ने देवी नव रूप शक्ति वंदना, माँ काली नृत्य, धुनुची नृत्य, मंगलम नृत्य, शुभ आरम्भ नृत्य के साथ अनेक मनमोहक प्रस्तुतिों से मंत्रमुग्ध किया। बच्चों ने शिक्षिकाओं के साथ मिलकर उल्लास पूर्वक गरबा नृत्य प्रस्तुत किया। बच्चों की मासूम अदाओं और उनके उत्साह ने पूरे माहौल को जीवंत बना दिया। आयोजन में विद्यालय के नृत्य शिक्षक भव्यदीप कछवाहा, चेतना मालवानी का विशेष योगदान रहा। अभिभावकों ने भी बच्चों को विषयानुसार सुंदर परिधान पहनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की प्राचार्या शालिनी शुक्ला एवं एकेडमिक कोऑर्डिनेटर राशि पमनानी के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

### शालेय राज्य स्तरीय ताइक्कांडो में खिलाड़ियों ने दिखाया उत्साह

**बालाघाट।** शालेय राज्य स्तरीय ताइक्कांडो प्रतियोगिता मध्यप्रदेश के सागर जिले में आयोजित की गई थी। जिसमें बालाघाट जिले के खिलाड़ियों ने 01 गोल?ड के साथ 05 ब्रॉंज मेडल पर किक लगाकर बालाघाट जिले को गौरवान्वित किया है। जनजातीय कार्य विभाग बालाघाट के जिला क्रीड़ा प्रभारी दिनेश कुमार मेश्राम ने बताया कि मार्शल आर्ट ताइक्कांडो की शालेय राज्य स्तरीय ताइक्कांडो प्रतियोगिता में जनजातीय कार्य विभाग के शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय बैहर एवं शासकीय पीएमश्री कन्या उमावि बैहर के खिलाड़ियों ने हर्रई, छिंदवाड़ा एवं उमरिया की विभिन्न प्रतियोगिताओं में जीत दर्ज करते हुए शालेय राज्य स्तरीय ताइक्कांडो प्रतियोगिता जिला सागर में बेहतरीन प्रदर्शन कर जिले को गौरान्वित किया है।

# नवरात्रि पर प्रदीप जायसवाल ने दी सौगात

### माता शीतला मंदिर मे भव्य देवी जागरण मे शामिल होकर लगाये जयकारे




**नवभारत, वारासिवनी।** नगर के शीतला माता मंदिर प्रांगण में भव्य देवी जागरण में शामिल होकर पूर्व केबिनेट मंत्री प्रदीप जायसवाल ने धार्मिक स्थलो के विषय मे विकास कार्यो की सौगाते प्रदान कर भक्तो को प्रसन्नचित कर दिया है। इन सौगातो मे भव्य प्रवेश द्वार व मंदिर के जीर्णोद्वार का विषय समाहित है।

नवरात्रि के तीसरे दिवस सबसे पहले नगर की देवी शीतल माता के दरबार मे हाजिरी लगाकर गुड्डा भैया ने मातारानी से कामना करते हुये नमन किया की यह नवरात्रि सभी नगरवासियों के जीवन मे नयी उम्मीदे और सफलता प्रदान करे।

पश्चात माँ शारदा देवी जागरण में भक्तों को सम्बोधित करते हुये कहा की भगवान श्रीराम ने भी मातारानी की 9 शक्तियो की आराधना कर बलशाली रावण को परास्त कर सत्य व धर्म की स्थापना की थी। नवरात्रि का यह पर्व सभी लोगो को एक साथ लाता है। साथ ही सामुदायिक बंधन को मजबूत करने के साथ सदभाव व एकता को बढावा देता है।

उदबोधन मे गुडडा भैया ने यह भी कहा की हमने वर्तमान न पा परिषद के प्रथम कार्य मे माता शीतला मन्दिर में लगभग 11 लाख रूपये की राशि से भव्य ज्योति कलश भवन का निर्माण कराया था। अब मातारानी के दरबार मे पुन: हाजिरी लगाते हुए हम श्री मदनलाल चौरसिया जी के मकान के सामने भव्य प्रवेश द्वार का निर्माण कराने जा रहे है। जिससे जंहा भक्ति को बढावा मिलेगा और इस स्थल का सौदर्यीकरण भी अपने आप हो जायेगा।

इसी तरह नपा परिषद वार्ड 12 के श्री चंदनेश्वर शिव मंदिर के जीर्णोद्धार कार्य की शुरूवात भी कर रही है। जिसमे निकट की नदी के किनारे घाट निर्माण का कार्य प्राथमिकता से कराया जावेगा। साथ ही उक्त मंदिर परिसर मे गट्टू सहित अन्य कार्य करवाकर मंदिर को नया स्वरूप प्रदान किया जायेगा।

### देवी जागरण

में देर रात्रि तक प्रसिद्ध भजन गायिका श्वेता शर्मा,श्याम शर्मा आदि ने भक्तों को मधुर भजनों से भाव विभोर कर दिया। वंही देवी जागरण मे सिवनी के कलाकारो द्वारा शिव पार्वती के झांकीनूमा नृत्य ने भक्तों को प्रभावित करने का कार्य किया। जिसे देखकर भक्तगण जयकारे लगाते हुये भी नजर आये।कार्यक्रम में विशेष रूप से नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज दादरे, योगेंद्र मात्रे,राजेन्द्र अले, सन्तोष सोनी,अनीश मिश्रा, श्रीमती उमा अले के साथ गणमान्यजन उपस्थित भी रहे।

सौगात | कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन एवं उन्नत कृषि यंत्रों की प्रदर्शनी रहेगी आकर्षण का केंद्र